मरयिम का पुत्र यीशु (5 का भाग 2): यीशु का संदेश

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख इस्लाम की मान्यताएं पैगंबरों की कहानियां

श्रेणी: लेख तुलनात्मक धर्म यीशु

द्वारा: Aisha Stacey (© 2008 IslamReligion.com)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

हम पहले ही बता चुके हैं कि मरियम के पुत्र, या जैसा कि मुसलमान उन्हें कहते हैं, ईसा इब्न मरियम ने मरियम की गोद में ही अपना पहला चमत्कार किया। ईश्वर की अनुमति से उन्होंने बात की, और उनके पहले शब्द थे **"मैं ईश्वर का दास हूं" (क़ुरआन 19:30)**। उन्होंने यह नहीं कहा कि "मैं ही ईश्वर हूं" या यह भी नही कि "मैं ईश्वर का पुत्र हूं।" उनके पहले शब्दों ने उनके संदेश और उनके मिशन की नींव रखी: लोगों को बताना की सिर्फ एक ईश्वर की पूजा करें।

यीशु के समय, एक ईश्वर की अवधारणा इस्राइल के लोगों के लिए नई नहीं थी। तौरात ने घोषणा की थी **"हे इस्राएल, सुन, तेरा ईश्वर यहोवा एक है" (व्यवस्थाविवरण: 4)**। हालांकि, ईश्वर के प्रकाशनों का गलत अर्थ निकाला गया और उनका दुरुपयोग किया गया, और लोगो के हृदय कठोर हो गए। यीशु इस्राइल के लोगों के नेताओं की निंदा करने के लिए आये थे, जो भौतिकवाद और विलासिता के जीवन में गिर गए थे; और मूसा के कानून को स्थापित करने आये थे जो तौरात में था, जिसे लोगों ने बदल दिया था।

यीशु का मिशन तौरात की पुष्टि करना था, चीजों को वैध बनाना जो पहले अवैध थीं और सिर्फ एक निर्माता में विश्वास की घोषणा और पुष्टि करना था। पैगंबर मुहम्मद ने कहा:

"हर पैगंबर को उसके राष्ट्र में विशेष रूप से भेजा गया था, लेकिन मुझे सभी मानव जाति के लिए भेजा गया है," (सहीह बुखारी)।

इस प्रकार, यीशु को इस्राइलियों के पास भेजा गया।

ईश्वर क़ुरआन में कहते हैं कि वह यीशु को तौरात, इंजील और ज्ञान सिखाएंगे।

"और वह उन्हें पुस्तक और ज्ञान, तौरात और इंजील सिखाएगा।" (क़ुरआन 3:48)

अपने संदेश को प्रभावी ढंग से फैलाने के लिए, यीशु ने तौरात को समझा, और उन्होंने ईश्वर से अपना स्वयं का रहस्योद्घाटन प्रदान किया गया - इंजील या सुसमाचार। ईश्वर ने यीशु को चिन्हों और चमत्कारों के साथ अपने लोगों का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रभावित करने की क्षमता भी दी।

ईश्वर अपने सभी दूतों को चमत्कारों के साथ समर्थन देता है जो देखने योग्य हैं और वहां के लोगों को समझ में आता है जहां दूत को मार्गदर्शन के लिए भेजा जाता है। यीशु के समय में, इस्राइली चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत जानकार थे। नतीजतन, यीशु ने जो चमत्कार (ईश्वर की अनुमति से) किए, वे इस प्रकृति के थे और इसमें अंधे को दृष्टि वापस करना, कोढ़ियों को ठीक करना और मृतकों को जिन्दा करना शामिल था। ईश्वर ने कहा:

"जब तू मेरी अनुमति से जन्म से अंधे तथा कोढ़ी को मेरी अनुमति से स्वस्थ कर देता था और जब तू मुर्दों को मेरी अनुमति से जीवित कर देता था।" (क़ुरआन 5:110)

बाल यीशु

ना तो क़ुरआन और ना ही बाइबल यीशु के बचपन का उल्लेख करती है। हालांकि, हम कल्पना कर सकते हैं कि इमरान के परिवार में एक बेटे के रूप में, वह एक पवित्र बच्चा था जो सीखने के लिए समर्पित था और अपने आसपास के बच्चों और वयस्कों को प्रभावित करने के लिए उत्सुक था। पालने में यीशु के बोलने का उल्लेख करने के बाद, क़ुरआन तुरंत यीशु की कहानी में मिट्टी से एक पक्षी की आकृति को ढालने की बात बताता है। यीशु ने उसमें फूंका और ईश्वर की आज्ञा से वह एक पक्षी बन गया।

"मैं तुम्हारे लिए मिट्टी से पक्षी के आकार के समान बनाउंगा, फिर उसमें फूंक दूंगा, तो वह ईश्वर की अनुमति से पक्षी बन जायेगा।" (क़ुरआन 3:49)

प्रारंभिक ईसाइयों द्वारा लिखे गए ग्रंथों के समूह में से एक थॉमस का शिशु इंजील है, लेकिन इसे पुराने नियम के सिद्धांत में स्वीकार नहीं किया गया, यह भी इस कहानी को संदर्भित करता है। यह कुछ विस्तार से युवा यीशु की कहानी को बताता है जो मिट्टी से पक्षियों को बनाते हैं और उनमें जीवन फूंक देते थे। हालांकि यह आकर्षक है कि मुसलमान यीशु के सिर्फ उन संदेशो को मानते हैं जो क़ुरआन और पैगंबर मुहम्मद के कथनों में वर्णित है।

मुसलमानों को ईश्वर द्वारा मानव जाति के लिए प्रकट की गई **सभी** पुस्तकों पर विश्वास करने की **आवश्यकता** है। हलांकि, बाइबिल, जैसा कि आज भी मौजूद है, यह वैसा इंजील नही है जो पैगंबर यीशु को प्रकट किया गया था। यीशु को दिए गए ईश्वर के वचन और ज्ञान खो गए हैं, छिपे हुए हैं, बदल दिए गए हैं और विकृत हो गए हैं। एपोक्रिफा के ग्रंथों का भाग्य, जिनमें से थॉमस का इन्फेंसी गॉस्पेल एक है, इसका प्रमाण है। 325AD में, सम्राट कॉन्सटेंटाइन ने दुनिया भर से बिशपों की एक बैठक बुलाकर खंडित ईसाई चर्च को एकजुट करने का प्रयास किया। यह बैठक नाइसिया की परिषद के रूप में जानी जाने लगी, और ट्रिनिटी इसकी विरासत का एक ही सिद्धांत था, जो पहले अस्तित्वहीन था, और 270 और 4000 इंजीलो के बीच कहीं खो गया था। परिषद ने उन सभी इंजीलो को जलाने का आदेश दिया जो नई बाइबिल में शामिल होने के योग्य नहीं थे, और थॉमस का शिशु सुसमाचार उनमें से एक था। [1] हालांकि, कई इंजीलो की प्रतियां बच गईं, और हालांकि ये बाइबिल में नहीं, लेकिन फिर भी ऐतिहासिक महत्व के लिए मूल्यवान हैं

क़ुरआन हमें मुक्त करता है

मुसलमानों का मानना है कि यीशु ने वास्तव में ईश्वर से रहस्योद्घाटन प्राप्त किया था, लेकिन उन्होंने एक भी शब्द नहीं लिखा, और ना ही अपने शिष्यों को इसे लिखने का निर्देश दिया। [2] किसी मुसलमान को ईसाइयों की किताबों को साबित करने या उनका खंडन करने की कोई जरूरत नहीं है। क़ुरआन हमें यह जानने की आवश्यकता से मुक्त करता है कि आज हमारे पास जो बाइबल है, उसमें ईश्वर का वचन है, या यीशु के वचन हैं। ईश्वर ने कहा:

"उसीने आप पर सत्य के साथ पुस्तक (क़ुरआन) उतारी है, जो इससे पहले की पुस्तकों के लिए प्रमाणकारी है।" (क़ुरआन 3:3)

ईश्वर यह भी कहता है :

"और (हे नबी!) हमने आपकी ओर सत्य पर आधारित पुस्तक (क़ुरआन) उतार दी, जो अपने पूर्व की पुस्तकों को सच बताने वाली तथा संरक्षक है, अतः आप लोगों का निर्णय उसीसे करें।" (क़ुरआन 5:48)

मुसलमानों के लिए तौरात या इंजील में से जानने योग्य जो कुछ भी है वह क़ुरआन में स्पष्ट रूप से है। पिछली किताबों में जो कुछ भी अच्छा पाया गया वह सब, अब क़ुरआन में है। [3] यदि आज के नए नियम के शब्द क़ुरआन के शब्दों से मेल खाते हैं, तो ये शब्द शायद यीशु के संदेश का हिस्सा हैं जो समय के साथ विकृत या खोये नही हैं। यीशु का संदेश वही संदेश था जो ईश्वर के सभी पैगंबरों ने अपने लोगों को सिखाया था। तेरा ईश्वर यहोवा एक है, इसलिए उसी की उपासना करो, और ईश्वर ने क़ुरआन में यीशु की कहानी के बारे में कहा:

"वास्तव में, यही सत्य वर्णन है तथा ईश्वर के सिवा कोई पूज्य नहीं है, केवल एकमात्र सच्चा ईश्वर, जिसकी न तो पत्नी है और न ही पुत्र और निश्चय ईश्वर ही प्रभुत्वशाली तत्वज्ञ है।" (क़ुरआन 3:62)

फुटनोट:

[1] मशिाल इब्न अब्दुल्ला, यीशु ने वास्तव में क्या कहा?

[2] शेख अहमद दीदत। इज़ द बाइबलि गॉड वर्ड?

[3] शेख-'?????? ????' ????? ?? ????? ?????खंड1, पृष्ठ 32-33

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/1413

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।